# POLICE COMMISSIONERATE
# GAUTAM BUDH NAGAR
## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 06.07.2025

**1. थाना सेक्टर-58 व अपराध शाखा (कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर) पुलिस टीम द्वारा एम0आई0पी0 बाइक धोखाधडी के प्रकरण में वांछित 25,000 रूपये का ईनामी अभियुक्त गिरफ्तार।**

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **06.07.2025** को **थाना सेक्टर-58 व अपराध शाखा (कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)** पुलिस टीम द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से एम0आई0पी0 बाइक धोखाधडी के प्रकरण में वांछित **25,000 रूपये का ईनामी** अभियुक्त राजेन्द्र सिंह पुत्र बाल किशन को मेट्रो स्टेशन सेक्टर-59 के पास से **गिरफ्तार** किया गया है।

**पूछताछ का विवरण--** अभियुक्त द्वारा पूछताछ के दौरान बताया कि मै और मेरे साथी लोग एम0आई0पी0 कम्पनी के प्रमोटर थे। हम मिलकर लोगो को सलाह देते थे कि आप एक बाइक लगाने हेतु 62,100 जमा करेंगे तो उससे आपको 01 वर्ष तक 10,100 रूपये प्रतिमाह मिलेंगे तथा 5,000 रुपया कमीशन उसी वक्त मिलेगा। मैपल इनोवेटिव प्रमोटिव के नाम से यह कम्पनी बनाई गयी थी, जिसमें लोगो का कई करोड़ रुपया इकट्ठा हुआ था। अभियुक्त राजेन्द्र सिंह के खातों में भी लाखों रूपये आये थे। इसके बाद में यह कम्पनी पैसा लेकर भाग गयी थी। अभियुक्त करीब 05 वर्षो से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस उच्चाधिकारीगण द्वारा 25,000 रूपये का ईनाम घोषित किया गया था।

**अभियुक्त का विवरण--** राजेन्द्र सिंह पुत्र बाल किशन निवासी कोडा जहानाबाद, कस्बा कछौरा, तहसील बिन्दकी, थाना जहानाबाद, जनपद फतेहपुर वर्तमान पता सेक्टर-68ए, गढी चौखंडी, नोएडा।

**आपराधिक इतिहास का विवरण--**

1. मु0अ0सं0-635/19, धारा 420, 467, 468, 120बी, 506 भादवि थाना से0-58, नोएडा।
2. मु0अ0सं0-629/19, धारा 420, 467, 468, 120बी, 506 भादवि थाना से0-58, नोएडा।
3. मु0अ0सं0-627/19, धारा 420, 467, 468, 120बी, 506 भादवि थाना से0-58, नोएडा।

**2. थाना फेस-3 पुलिस द्वारा मोबाइल फोन स्नैचर/ चोर गिरफ्तार, कब्जे से स्नैचिंग/चोरी के 06 मोबाइल फोन व अवैध शस्त्र बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **06.07.2025** को **थाना फेस-3 पुलिस** द्वारा गोपनीय सूचना व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से मोबाइल फोन स्नैचिंग/ चोरी करने वाला अभियुक्त शिवम पुत्र सुमन पाल को थाना फेस-3 क्षेत्रांतर्गत टीपीनगर चौराहे के पास से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 06 चोरी/ स्नैचिंग के मोबाइल फोन व 01 अवैध चाकू बरामद किया गया है।

**पूछताछ का विवरण--** पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्त कक्षा 8वीं तक शिक्षित है व ऑटो चलाने का कार्य करता है। अभियुक्त राह चलते व्यक्तियों से मोबाइल फोन छीनकर व चाकू दिखाकर उन्हें डरा धमकाकर फोन छीनता व चोरी करता था, जिन्हें व सस्ते दामों में बेचकर आर्थिक लाभ कमाया करता था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--**

शिवम पुत्र सुमन पाल निवासी ग्राम भंगी भंगेला, थाना खतौली, मुजफ्फरनगर वर्तमान पता ग्राम कुलेसरा, थाना इकोटेक-3, गौतमबुद्धनगर, उम्र-23 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरण--**

1. मु0अ0सं0- 275/2025 धारा 317(2)/317(5) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट, थाना फेस-3, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0- 271/2025 धारा 304(2) बीएनएस, थाना फेस-3, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण--**

1. 06 चोरी/ स्नैचिंग के मोबाइल फोन।
2. 01 अवैध चाकू।